## शाला दर्पण में परीक्षा परिणाम प्रविष्टि –

1. सर्वप्रथम विद्यार्थी टेब में जाकर सभी विद्यार्थियों को रोल नं. अलॉटमेन्ट टैब में रोल नम्बर जारी करने है। 11 अगस्त 2016 को या उसके बाद यदि किसी विद्यार्थी का नाम पृथक किया गया है तो उसको भी रोल नम्बर आवंटित करने है। रोल नम्बर केवल संख्यात्मक ही जारी करने है। बोर्ड आवेदन पत्र भरने से पूर्व किसी विद्यार्थी का नाम पृथक हो गया तो उसके स्थानीय परीक्षा के ही रोल नं. आवंटित करने है।
2. परीक्षा परिणाम प्रविष्ठि करने के लिए रिजल्ट टेब में जाकर परिणाम प्रविष्टि पर क्लिक करें तथा कक्षा, वर्ग, परीक्षा का प्रकार विषय का चयन कर अंकों की फीडिंग करें। इसी प्रकार से सभी विषयों और परीक्षाओं के अंको की प्रविष्टि करें।
3. किसी परीक्षा में विद्यार्थी अनुपस्थित है तो ''A'' रूगण्ता प्रमाण पत्र देने पर ''M'' तथा यदि विद्यार्थी का प्रवेश बाद में हुआ है तो जो परीक्षा पूर्व में हो चुकी है उसमे ''N'' अंकित करें।
4. परीक्षा परिणाम भरने के बाद भरें हुए अंक ग्रीन शीट में देखे जा सकते है उसके लिए Generate Green Sheet Tab पर क्लिक करने के बाद कक्षा एवं वर्ग का चयन करें तथा Process बटन पर क्लिक करने के बाद Download Green Sheet टेब पर क्लिक करने पर ग्रीनशीट Download हो जायेगी।
5. सम्पूर्ण परिणाम (Final Result) प्राप्त करने के लिए ग्रीन शीट को लॉक करना होगा लॉक करने से पहले एक बार आवश्यक रूप से जांच ले कि जो प्रविष्टियां की गई है वो सही है क्योकि लॉक करने के बाद किसी तरह का परिवर्तन संभव नही होगा। यदि लॉक करने से पूर्व किसी प्रकार की अंको में प्रविष्टि सही करने के लिए Updation of Green Sheet टेब के माध्यम से प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करें।
6. Green Sheet Lock करने के उपरान्त ग्रीनशीट डाउनलोड़ करें एवं उसे स्थायी रूप से परीक्षा परिणाम रजिस्टर के रूप में काम लेवें।
7. Green Sheet Lock करने के बाद Marks Sheet के ऑप्शन मे जाकर प्रिन्ट करें किन्तु Marks Sheet Print से पूर्व विद्यार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म दिनांक एवं एस. आर.नं. आदि आवश्यक रूप से जांच ले।
8. परीक्षा में अंकों का विभाजन माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से जारी दिशा निर्देशो के अनुसार रहेगा। सुविधा के लिए रिजल्ट टेब में रिजल्ट रूल्स टेब में सभी दिशा–निर्देश दिए गए है।

### सत्रांक प्रविष्टि –

1. सत्रांक प्रविष्टि करते समय सर्वप्रथम कक्षा 8/10 के सभी परीक्षार्थियों के स्थानीय परीक्षा के प्राप्तांक भरें तथा सत्रांक प्रविष्टि में जाकर प्रोजक्ट/उपस्थिति/व्यवहार के अंक प्रविष्ट कर Save करें।
2. राजस्थान अध्ययन में कक्षा 10 में स्थानीय परीक्षाओं का पूर्णांक 100 में से भरना है सत्रांक भरते समय शाला दर्पण 80 प्रतिशत की गणना करेगा, जिसमें 20 अंक प्रोजेक्ट के भरने है। जैसे 10 + 10 + 10 + 70 = 100 x 80% = 80+20 (प्रोजेक्ट) = 100 अंक